बिहार सरकार
शिक्षा विभाग

**आदेश**

सं0–03/आ01–194/2025 ...................../साप्ताहिक समीक्षा बैठक में श्री अक्षय कुमार पाण्डेय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, मधुबनी की उपलब्धि एवं प्रगति के संतोषजनक नहीं रहने के कारण क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक, दरभंगा प्रमण्डल, दरभंगा के पत्रांक–101 दिनांक 08.10.2025 द्वारा इनके विरूद्ध आरोप पत्र गठित कर विभाग को उपलब्ध कराया गया।

2. प्राप्त पत्र के आलोक में जिला शिक्षा पदाधिकारी, मधुबनी से पक्ष/प्रतिक्रिया प्रतिवेदन की मांग की गयी।

3. जिला शिक्षा पदाधिकारी, मधुबनी के पत्रांक– 552 दिनांक 09.02.2026 द्वारा पक्ष/प्रतिक्रिया प्रतिवेदन समर्पित किया गया।

4. जिला शिक्षा पदाधिकारी, मधुबनी से प्राप्त पक्ष/प्रतिक्रिया प्रतिवेदन के आलोक में विभागीय पत्रांक–365910 दिनांक 17.02.2026 एवं स्मार पत्रांक– 394684 दिनांक 10.04.2026 द्वारा क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक, दरभंगा प्रमण्डल, दरभंगा को प्राप्त पक्ष/प्रतिक्रिया प्रतिवेदन पर मंतव्य उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।

5. क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक, दरभंगा प्रमण्डल, दरभंगा के पत्रांक–43 दिनांक 11.04.2026 द्वारा मंतव्य उपलब्ध कराया गया है, जिसकी समीक्षा की गई है।

6. विवेचना से यह ज्ञात होता है कि श्री अक्षय कुमार पाण्डेय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, मधुबनी पर मुख्य रूप से अनुकम्पात्मक नियुक्ति एवं सेवांत लाभ के कार्य में शिथिलता बरतने का मामला समीक्षात्मक बैठक में पाए जाने के कारण इनसे आरोपों पर लिखित अभिकथन मांगा गया। आरोप मुख्य रूप से नियमित कार्य संपादन में विलंब से संबंधित है, जिनका समाधान कर दिया गया है। अतः **भविष्य में सचेत रहने की कठोर चेतावनी** के साथ श्री अक्षय कुमार पाण्डेय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, मधुबनी पर चल रहे इस शिकायत/लांछन प्रकरण को समाप्त किया जाता है।

7. उक्त पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

**ह./**
**(मनोरंजन कुमार)**
निदेशक (प्रशासन)

ज्ञापांक–03/आ01–194/2025 I/447914/ पटना, दिनांक–25-06-2026

प्रतिलिपि :– माननीय मंत्री, शिक्षा विभाग, बिहार के आप्त सचिव/सचिव, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव/सभी निदेशक, शिक्षा विभाग/क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक, दरभंगा प्रमण्डल, दरभंगा/श्री अक्षय कुमार पाण्डेय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, मधुबनी/प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–02 एवं आई.टी. मैनेजर, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

Signed by
Manoranjan Kumar
निदेशक (प्रशासन) 25-06-2026 11:06:31



E:\Manish